# धान खरीद घोटालाः बीकेयू ने डीसी की जिम्मेदारी पर उठाए सवाल

**घोटाला**

**बिना मिलीभगत नहीं हो सकता हजारों करोड़ का घोटाला : रतन मान**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में धान खरीद से जुड़े हजारों करोड़ के कथित घोटाले के बीच अब ऐसा खुलासा सामने आया है, जिसने पूरे प्रशासनिक तंत्र को हिला कर रख दिया है। घोटाले से संबंधित अहम फाइल के डीसी कार्यालय से गायब होने की खबर ने न केवल जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि जिला प्रशासन की कार्यशैली और जवाबदेही को भी सीधे कटघरे में ला खड़ा किया है।

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष रतन मान ने कहा है कि धान खरीद व्यवस्था में जिला उपायुक्त चेयरमैन की भूमिका निभाते हैं। ऐसे में किसानों की फसल, सरकारी खरीद और हजारों करोड़ रुपये के सार्वजनिक धन से जुड़े मामले की फाइल का सीधे डीसी कार्यालय से गायब होना साधारण प्रशासनिक चूक मानने से इनकार किया जा रहा है। किसान संगठनों ने इसे बेहद गंभीर मामला बताते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है।

रतन मान ने जिला प्रशासन पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जब इतने बड़े धान घोटाले की चर्चा पहले से पूरे प्रदेश में हो रही थी, तब उससे जुड़ी फाइल का गायब होना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत की कमाई से जुड़े इस मामले में यदि रिकॉर्ड ही सुरक्षित नहीं हैं तो पूरी खरीद व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ के कथित धान घोटाले के बाद अब डीसी कार्यालय से फाइल गायब होना प्रशासन की सबसे बड़ी विफलता और मिलीभगत है। जिला प्रशासन को बताना होगा कि रिकॉर्ड किसकी निगरानी में था, किस स्तर पर रखा गया था और आखिर यह कैसे गायब हुआ। किसान यह जानना चाहते हैं कि कहीं जिम्मेदारों को बचाने की कोशिश तो नहीं हो रही।

सूत्रों के अनुसार गायब हुई फाइल में धान खरीद, भुगतान, स्टॉक सत्यापन, परिवहन रिकॉर्ड और प्रशासनिक नोटिंग जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज शामिल थे। ऐसे में फाइल के गायब होने से पूरे मामले की जांच की दिशा और निष्पक्षता पर गहरा असर पड़ सकता है।

किसान नेताओं का कहना है कि यदि प्रशासन के मुख्य कार्यालय से ही इतने अहम दस्तावेज गायब हो जाते हैं तो किसानों को न्याय और पारदर्शिता का भरोसा कैसे दिया जा सकता है। जिले में इस मुद्दे को लेकर किसानों में भारी रोष है और इसे बड़े आंदोलन का रूप देने की भी चेतावनी दी गई है।

रतन मान ने साफ कहा कि यदि इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं हुई और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की गई तो किसान संगठन सडकों पर उतरने को मजबूर होंगे।

फाइल में सत्तासीन नेताओं के नाम रतन मान ने कहा कि जानकारी मिली है कि इस फाइल में सत्तासीन नेताओं के राइस मिलों की गड़बडि ?ों का लेखा-जोखा भी था। उन्होंने पावर की आड़ में जमकर लूट मचाई और अपने राइस मिलों में फर्जी धान की खरीद दिखाकर घोटाला किया। राजनीतिक लोगों के नाम उजागर न हों, इसलिए भी फाइल को गायब किया गया है। धान घोटाले के बाद फाइल गायब होना सिर्फ चूक नहीं, पूरे प्रशासन पर गंभीर सवाल है।

## 24 घंटे खुले दरवाजेः कैबिनेट मंत्री बेदी का जनता दरबार बना भरोसे का केंद्र

**रामबाण**

**हर समस्या का समाधान, हर समय उपलब्ध—ऐसे नेता हैं कृष्ण कुमार बेदी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 30 मार्च राहुल**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का लगातार जनता के बीच रहना जन समस्याओं के समाधान के लिए रामबाण साबित हो रहा है। कैबिनेट मंत्री हर समय क्षेत्रवासियों के बीच रहते हैं ओर उनकी परेशानी एवं दिक्कतों को सुनते नजर आते हैं । कैबिनेट मंत्री का खुशमिजाजी के साथ लोगों से मिलना तथा गंभीरता से समस्याओं को सुनना आमजन में उनके मिलनसार स्वभाव पर प्रशंसा का विषय बना हुआ है। क्षेत्रवासियों में इस बात की भी चर्चा है कि कैबिनेट मंत्री हर आदमी की समस्याओं पर दलगत राजनीति से ऊपर उठकर गौर करते हैं। उनके लिए किसी भी व्यक्ति का पक्ष व विपक्ष का होना यानी किसी भी राजनीतिक दल से जुड़ा होना मायने नहीं रखता बल्कि वे फरियादी की समस्या का समाधान करना अपना दायित्व समझते हैं और उसे बखूबी निभा भी रहे हैं ।

लोगों में चर्चा है कि आम तौर पर राजनेता जनसाधारण से मिलने के लिए निश्चित समय व स्थान निर्धारित करते रहे हैं। जनमानस के राजनेताओं से मिलने का पहले विशेष प्रोटोकोल, नॉर्मज तथा शैडयूल होता था और केवल उसी दौरान आमजन अपनी समस्याएं रख सकते थे । लेकिन कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी की कार्यशैली में ऐसा कोई नॉर्मज , नियम और प्रोटोकॉल नहीं हैं । उन्होंने अपनी कार्यप्रणाली अलग लकीर पर रखी है जिसका आम आदमी कायल है। कैबिनेट मंत्री से राह चलते सड़क पर आमजन मिल सकते हैं और मिल रहे हैं। इसी तरह जनसभा, सामाजिक समारोह, प्रशासनिक और आधिकारिक बैठक के दौरान भी बेझिझक क्षेत्रवासी कैबिनेट मंत्री से मिलते नजर आते हैं । हल्का में उनके ना होने की स्थिति में टेलीफोन पर भी आमजन की समस्या सुनकर उनका समाधान निश्चित करते हैं ।

## ब्राह्मण सभा मॉडल टाऊन के चुनाव हुए संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** ब्राह्मण सभा मॉडल टाऊन के द्विवार्षिक चुनाव आज संपन्न हो गए। शांतिपूर्ण एवं खुशनुमा माहौल में चुनाव का कार्य शाम चार बजे तक चला। उसके उपरांत मतों की गिनती की गई।

इसमें प्रधान पद के उम्मीदवार विजय मेहता एवं विनोद मेहता का चुनाव ड्रा रहा। उप प्रधान पद पर जितेन्द्र शर्मा विजयी रहे। सचिव पद पर आनन्द शर्मा को जीत मिली। कैशियर पद पर गिरीश बाली ने अपना परचम लहराया एवं सह सचिव पद पर राजीव मेहता ने जीत दर्ज की।

प्रधान पद ड्रा होने के कारण अभी उसका कोई निर्णय नहीं हो सका। इन चुनावों के बारे में बातचीत करते हुए सचिव आनन्द शर्मा ने कि यह परिवार का चुनाव था, जो अब समाप्त हो गया है। हम सब एक ही परिवार के सदस्य हैं और आगे भी मिल-जुलकर सभा को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। हमारे बेशक मतभेद हो सकते हैं, लेकिन कभी भी हम मनभेद नहीं रखेंगे।

एडवोकेट राहुल बाली ने कहा कि हमने पहले भी लगातार 8 वर्ष तक सभा में कार्य किया है और हमेशा सबको साथ लेकर चले हैं, आगे भी हम सभा की मीटिंग हो या सभा व मंदिर का कोई कार्यक्रम सब मिल-जुलकर ही कार्य करेंगे। प्रधान पद के सवाल उन्होंने कहा कि प्रधान का पद ड्रा हो गया है। अगर कोई रजामंदी नहीं बनी तो प्रधान पद का चुनाव दोबारा करवाएंगे और जीत दर्ज करेंगे।

इस अवसर पर अमन शर्मा, आशीष बाली, यशपाल जोशी, सोनल शर्मा, त्रिपाठी, राजेश मेहता, रिम्पी वैद, भूपेन्द्र मेहता सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## धान घोटाले से संबंधित रिकॉर्ड पूरी तरह सुरक्षितः मोनिका शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** नगराधीश मोनिका शर्मा ने हाल ही में मीडिया में चल रही धान घोटाले से संबंधित रिकॉर्ड गुम होने की खबरों का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि धान घोटाले से संबंधित कोई भी फाइल गुम नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित सारा रिकॉर्ड पूरी तरह सुरक्षित है।

सीटीएम ने बताया कि केवल एक रिपोर्ट मिसप्लेस हुई थी, लेकिन उस रिपोर्ट से जुड़े सभी मूल दस्तावेज प्रशासन के पास सुरक्षित हैं। इस घटना से धान घोटाले की चल रही जांच पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। नगराधीश ने बताया कि धान घोटाले की जांच की जा रही है। प्रशासन इस मामले को लेकर अत्यंत गंभीर है और जांच प्रक्रिया पूरी होने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## हरियाणा में बढ़ते अपराध पर कांग्रेस का हमला, आदित्य सुरजेवाला ने सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 30 मार्च राहुल**

कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सिंह सुरजेवाला ने हरियाणा में बढ़ते अपराधों को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व वाली सरकार को ह्लनिकम्मीह्व और ह्लनकाराह्व बताते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

सोमवार को नरवाना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे सुरजेवाला विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल हुए और कार्यकताओं से मुलाकात की। इस दौरान जारी बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में फिरौती, रंगदारी, हत्या और अन्य आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे हरियाणा की छवि प्रभावित हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और व्यापारियों व आम नागरिकों को धमकियां मिल रही हैं। कई जिलों में करोड़ों रुपये की फिरौती मांगने के मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यह घटनाएं सरकार की कमजोर कानून-व्यवस्था को दशार्ती हैं। सुरजेवाला ने कहा कि हालात ऐसे हो गए हैं कि भाजपा के अपने नेता भी सुरक्षित नहीं हैं।

कांग्रेस विधायक ने कहा कि छोटे और मध्यम वर्ग के व्यापारी, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, आज भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं।

**न्यूज फ्लैश**

### डॉ. मोनिका घनघस ने दी सेवाएं, कैल्शियम की कमी के मामले आए अधिक



**नरवाना, 30 मार्च राहुल**

कैनाल रोड स्थित श्री सिद्धिविनायक सेवा समिति द्वारा संचालित जयराम नेत्र, दंत, प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नरवाना क्षेत्र के ग्रामीणों व शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें कुल 59 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ. मोनिका घनघस ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान कमर दर्द, घुटने व जोड़ों के दर्द, हड्डियों में कैल्शियम की कमी तथा शुगर के मरीजों में पैरों की नसों से संबंधित समस्याओं की जांच बायोथेसियोमीटर के माध्यम से की गई। डॉ. मोनिका ने बताया कि जांच के दौरान सबसे अधिक मरीजों में कैल्शियम की कमी पाई गई। समिति के प्रधान कैलाश सिंगला ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि इस पहल का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आमजन को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से गंभीर बीमारियों का उपचार संभव हो पाता है। उन्होंने बताया कि जयराम अस्पताल में आंख, दांत, एमडी मेडिसिन (हृदय एवं शुगर), स्त्री रोग एवं फिजियोथेरेपी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहीं 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं भी संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर अस्पताल के पूर्व प्रधान नरेश जैन, संयोजक विनोद मंगला, पवन मित्तल, जयपाल बंसल, देवीराम गर्ग, राकेश शर्मा, सतीश बंसल, बजरंग बाता, बॉबी जिंदल सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इससे पहले भी नेत्र, त्वचा एवं स्त्री रोग संबंधी कई शिविर आयोजित किए जा चुके हैं और भविष्य में भी जनसेवा का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### सहकारी चीनी मिल करनाल को अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ 9001: 2015 से नवाजा गयाः अदिति

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक अदिति ने बताया कि करनाल सहकारी चीनी मिल को गतदिवस उत्कृष्ट उत्पादन एवं बेहतर गुणवत्ता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ 9001:2015 से नवाजा गया है। इसके मिलने से करनाल सहकारी चीनी मिल के उत्पाद को बाजार में विश्वसनीयता और प्रतिष्ठा की दृष्टि से देखा जाएगा। यह गत 15 वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मानक आईएसओ 9001:2015 प्राप्त करने वाली पहली सहकारी चीनी मिल है। उल्लेखनीय है कि करनाल सहकारी चीनी मिल का निर्माण वर्ष 1976 में 116 एकड़ भूमि पर किया गया, जिसकी क्षमता 1250 टीसीडी थी। वर्ष 1976-77 में इसका पहला पिराई सत्र आरंभ हुआ था। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा गन्ने की अधिक बिजाई को देखते हुए सरकार द्वारा वर्ष 1991-92 में इसका विस्तारीकरण करके 1250 टीसीडी से 2200 टीसीडी कर दिया गया। समय-समय पर किसानों द्वारा गन्ने की अधिक बिजाई करने की वजह से राज्य सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए पुनः इसका विस्तारीकरण मुख्यमंत्री स्वर्ण जयंती परियोजना के तहत वर्ष 2021 में 3500 टीसीडी के रूप में किया गया। वर्तमान चीनी मिल पूर्ण तरह से आधुनिक तकनीक पर आधारित है, जिसमें सल्फर फ्री रिफाइंड शुगर का उत्पादन होता है। नए 3500 टीसीडी रिफाइंड शुगर प्लांट के साथ 18 मेगावाट सहउत्पादन बिजली सयंत्र की स्थापना के पश्चात से करनाल सहकारी चीनी मिल राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी दक्षता में लगातार तीन बार प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है।

## करनाल को मॉडल सिटी के रूप में किया जाएगा विकसित : उत्तम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में विभिन्न विभागों व नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों ट्रैफिक पार्किंग, साफ सफाई, पानी की सप्लाई व मास्टर प्लान के बारे में अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि करनाल को मॉडल सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इस विजन को साकार करने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स के विशेषज्ञ शहर का नया मास्टर प्लान तैयार करेंगे। इसके साथ ही शहरवासियों की सुविधा के लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत मोबाइल ऐप विकसित किया जाएगा। इस ऐप पर ट्रांसपोर्ट, सिटी बस सर्विस, साफ. सफाई, मोबिलिटी और पार्किंग से जुड़ी सभी जानकारी उपलब्ध होगी। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स की टीम के साथ बेहतर तालमेल के लिए सभी संबंधित विभाग तत्काल अपने-अपने नोडल अधिकारी नियुक्त करें। इसके साथ ही अपने-अपने विभाग से संबंधित विकास कार्यों की सूची, भविष्य की योजनाएं और आवश्यक डेटा इस टीम को उपलब्ध कराएं।

## चंद्र मेहता को मिला कला रत्न अवॉर्ड

**सम्मानित**

**कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** वॉइस ऑफ इंडिया ट्रस्ट द्वारा चंद्र मेहता को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए कला रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें करनाल की महापौर रेनू बाला गुप्ता, नवचेतना मंच के संरक्षक एसपी चौहान, एसबीएस स्कूल के अध्यक्ष दीवान कुलदीप सिंह चोपड़ा, वीरेंद्र चौहान एवं संजीव मेहता द्वारा वॉइस ऑफ इंडिया ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण अरोड़ा, ट्रस्टी डॉ. शालिनी मेहता, ट्रस्टी रेखा सुखीजा, ट्रस्टी डॉ. अभय सूद, ट्रस्टी डॉ. राजन हांडा, ट्रस्टी योगिराज विनय कोहली एवं ट्रस्टी अशोक महेंद्रु, अनिरुद्ध कालरा तथा ट्रस्टी नरेंद्र कुमार की गरिमामयी उपस्थिति में दिया गया

कार्यक्रम के दौरान महापौर रेनू बाला गुप्ता ने वॉयस ऑफ इंडिया कराओके जोन के कार्यों की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी और कहा कि वे भी भविष्य में इस संस्था से जुडकर संगीत की शिक्षा प्राप्त करने का प्रयास करेंगी।

नवचेतना मंच के संरक्षक एसपी चौहान ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में मानसिक तनाव को दूर करने के लिए संगीत अत्यंत प्रभावी माध्यम है और सभी को इससे जुड ?ा चाहिए। ग्रामोदय रेडियो के अध्यक्ष और डायरेक्टर हरियाणा रूरल डेवलपमेन्ट वीरेंद्र चौहान ने वॉयस ऑफ इंडिया कराओके जोन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे इस मंच कलाकारों को रेडियो के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

इस अवसर पर नवल किशोर पेट्रोलियम ग्रुप के अक्षत गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के सदस्य कपिल अत्रेजा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और गीत भी पेश किया।

कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। रचना एवं साथियों ने इतनी शक्ति हमें देना प्रस्तुत किया। सुनीता ने प्यार हुआ चुपके से गीत गाया। डॉ. काजल छाबड़ा ने मेरे ख्वाबों में जो आए प्रस्तुत किया। लाजपत राय ने मुस्कुराने की वजह तुम हो गाकर सराहना प्राप्त की। नवोदित कलाकार मीना जॉन ने काहे तोसे सजना से वाहवाही बटोरी। शैलेन्द्र नंदवानी ने ऐ मेरे हमसफर प्रस्तुत किया। प्रेम मेहता ने बहुत प्यार करते हैं गीत सुनाया। शालू एवं अशोक महेंद्रु ने जब से तुमको देखा युगल गीत प्रस्तुत किया। आई सर्जन और.ट्रस्टी डॉ. शालिनी मेहता ने सोलह बरस की बाली उमर एवं हाय शरमाऊं गाकर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। अरुण कांत ने ऐ जाते हुए लम्हों से भावपूर्ण प्रस्तुति दी। ट्रस्टी रेखा सुखीजा एवं अशोक महेंद्रु ने कितनी हसरत है हमें (फिल्म : सैनिक) युगल गीत प्रस्तुत किया। डॉप्त राकेश छाबड़ा ने मेरी भीगी भीगी सी गाया।

## भगवान महावीर की शिक्षाएं आज और भी अधिक प्रासंगिकः प्रो. असीम घोष

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महाप्रभावी मनोकामना पूरक श्री घंटाकर्ण महावीर देव तीर्थस्थल का वार्षिक स्थापना महोत्सव एवं श्री आत्म मनोहर जैन निरामयम केंद्र सेवा शुभारम्भ तथा श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल के द्वितीय तल निर्माण शुभारम्भ महोत्सव का भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज के सानिध्य में तीर्थस्थल श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर इंद्री रोड करनाल में आयोजन हुआ।



इस महोत्सव के पावन अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और संतों के दर्शन किए और उनसे आशीर्वाद लिया। श्री आत्म मनोहर जैन निरामयम केंद्र के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट त्रिपुरा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरिओम जी महाराज, गीतामनीषी महामंडलेश्वर स्वामी श्री ज्ञानानन्द जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी श्री धर्मदेव जी महाराज, मंडलेश्वर स्वामी श्री सम्पूर्णानन्द जी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी श्री राजेश्वरानन्द जी महाराज व परमहंस संत श्री जगजीत सिंह जी, श्री पीयूष मुनि जी महाराज के श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और आशीर्वाद लिया।

राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष को पगड़ी, शॉल व माला पहनाकर तथा स्मृति चिह्न देकर आयोजकों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष को आयोजकों की ओर से मेयर रेनू बाला गुप्ता व हरियाणा वाणी एवं श्रवण बाधित व्यक्तियों के लिए कल्याण समिति की उपाध्यक्ष एवं चेयरपर्सन मेघा भंडारी ने शॉल व माला पहनाकर तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर को अपने ऐच्छिक कोष से 20 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम में गवर्नमेंट चीफ व्हिप एवं इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने भी 11 लाख रुपये की राशि अपने ऐच्छिक कोष से देने की घोषणा की। आयोजकों ने दानी सज्जन कुलदीप ओसवाल लुधियाना व अनमोल क्वात्रा को सेवा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित किया।

राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हरियाणा और पूरे देश के लोगों को महावीर जयंती की शुभकामनाएं और बधाई दी।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र दिन हमें भगवान महावीर की शिक्षाओं की याद दिलाता है, जिनका सत्य, अहिंसा, करुणा और आत्म.अनुशासन का संदेश आज भी मानवता का मार्गदर्शन कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत ही सुंदर संयोग है कि आज श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर का स्थापना दिवस और भगवान महावीर की जन्म जयंती समारोह एक साथ मनाया जा रहा है।

## नरवाना में समाधान शिविर आयोजित, मौके पर ही समस्याओं का हुआ समाधानः एसडीएम

**नरवाना 30 मार्च राहुल**

एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में सोमवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और जनसाधारण की समस्याएं सुनी। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं इसी कड़ी मे सोमवार को नरवाना में भी उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन हुआ । उन्होंने बताया कि यह शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे।



एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि अधिकत्तर समस्याओं का निदान मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से करवाया गया। एसडीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की अपने विभाग से संबंधित लोगों की समस्याओं बारे अपडेट ब्यौरा समाधान शिविर में लाएं और समस्या के समाधान उपरांत रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करें।

